निकट का संघर्ष

हिंदी अनुवादक: पादरी विजय पाल सिंह

पाठ 11, जून 15, 2024 के लिए


“सत्य के द्वारा उन्हें पवित्र कर:
तेरा वचन सत्य है।”
(यूहन्ना 17:17)

सदियों से, मसीह और शैतान के बीच युद्ध आराधना पर केंद्रित रहा है। परमेश्वर की आराधना करना, या किसी अन्य चीज की आराधना करना जो परमेश्वर के चरित्र की अवधारणा को विकृत करता है।

परमेश्वर की झूठी अवधारणा प्रस्तुत करके, शैतान सृष्टिकर्ता की आराधना करने की इच्छा रखने वाले किसी भी व्यक्ति को नष्ट करने के लिए लोगों, कलीसियाओं और राज्यों का उपयोग करने में कामयाब रहा है।

मौलिक सत्य, जैसे कि परमेश्वर की व्यवस्था, विकृत कर दी गयी है या यहाँ तक कि (सब्त के मामले में) लगभग भुला दी गयी है। अंतिम लड़ाई सच्चे दिन पर सच्ची आराधना के इर्द-गिर्द घूमेगी। आइए उन शक्तियों से मिलें जिनका उपयोग शैतान इस आखिरी लड़ाई के लिए करेगा।



संघर्ष:

- आराधना।
- असहनीयता।

दुश्मन:

- अजगर का सिंहासन।
- एक घाव भर गया।
- मेमना और अजगर।

संघर्ष

आराधना

"हे हमारे प्रभु और परमेश्वर, तू ही महिमा और आदर और सामर्थ्य के योग्य है; क्योंकि तू ही ने सब वस्तुएँ सृजीं और वे तेरी ही इच्छा से थीं और सृजी गईं" (प्रकाशितवाक्य 4:11)।

स्वर्गीय प्राणी परमेश्वर की रचनात्मक शक्ति के लिए उसकी आराधना करते हैं (प्रकाशितवाक्य 4:11; अय्यूब 38:6-7)।

परमेश्वर हमारी आराधना प्राप्त करने के लिए स्वयं को सृष्टिकर्ता और उद्धारकर्ता के रूप में प्रस्तुत करता है (यशायाह 45:6-7, 18-20; 65:18)।

अंतिम पीढ़ी के लिए घोषित संदेश दुनिया को सृष्टिकर्ता के रूप में परमेश्वर की आराधना करने के लिए आमंत्रित करता है (प्रकाशितवाक्य 14:7)।

अपनी ओर से, शैतान "पशुओं" के द्वारा दुनिया की आराधना प्राप्त करना चाहता है, जिसके लिए वह एक मूर्ति "बनाने" की शक्ति देता है जिसके माध्यम से वह सार्वभौमिक आराधना प्राप्त कर सकता है (प्रकाशितवाक्य 13:2, 4, 14-15)।

यह आश्चर्य की बात नहीं है कि सब्त ऐसे समय में विवाद का मुद्दा है। जो लोग "परमेश्वर की आज्ञाओं को मानते और यीशु पर विश्वास रखते हैं।" (प्रकाशितवाक्य 14:12) सब्त में उसकी आराधना करते हैं जो उसकी सृष्टि की याद दिलाता है।



असहनीयता

"वे तुम्हें आराधनालयों में से निकाल देंगे, वरन् वह समय आता है, कि जो कोई तुम्हें मार डालेगा वह समझेगा कि मैं परमेश्वर की सेवा करता हूँ।" (यूहन्ना 16:2)।

हमारा संघर्ष शारीरिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक है (इफिसियों 6:12)। हम भौतिक हथियारों का उपयोग नहीं करते, बल्कि आध्यात्मिक हथियारों का उपयोग करते हैं (2 कुरिन्थियों 10: 3-5)। हालाँकि, दुश्मन हमारे खिलाफ भौतिक हथियारों का इस्तेमाल करने से नहीं हिचकिचाते हैं।



यह व्यर्थ में नहीं है कि वफादार कलीसिया के खिलाफ शैतान के भयंकर हमले के कारण वफादारों के लिए "हाय" है (प्रकाशितवाक्य 12:12)। उसके लिए हर हथियार वैध है।

- वह हमारी अभिलाषाओं के द्वारा हमें परीक्षा में डालता है (याकूब 1:14)
- वह हमें चालाकी से आश्वस्त करता है (2 कुरिन्थियों 4:3-4)
- करीबी लोगों का उपयोग करता है (मत्ती 10:34-36)
- वह हमला करता है और धमकी देता है (प्रेरितों के काम 5:40)
- अत्यधिक हिंसा का प्रयोग करता है (यूहन्ना 16:2)

उसने इतिहास में इसी प्रकार कार्य किया है, और इसी प्रकार उसका अंतिम आक्रमण होगा: धोखा और चालाकी (प्रकाशितवाक्य 13:13-14); आर्थिक प्रतिबंध (प्रकाशितवाक्य 13:16-17); जो लोग उसकी आराधना नहीं करते उनके लिए मौत का हुक्म (प्रकाशितवाक्य 13:15)।

दुश्मन

अजगर का सिंहासन

"उस अजगर ने अपनी सामर्थ्य और अपना सिंहासन और बड़ा अधिकार उसे दे दिया।" (प्रकाशितवाक्य 13:2बी)।

अजगर की पहचान शैतान (प्रकाशितवाक्य 12:9) के रूप में की गई है, जबकि पशु, जिसके माध्यम से वह अपनी शक्ति का प्रयोग करता है, की पहचान दनिय्येल 7 के चौथे पशु के साथ की गई है (जो सिंह, रीछ और चीते के बाद आता है, तुलना करें प्रकाशितवाक्य 13:2)।

प्रकाशितवाक्य 13 अध्याय 12 की एक विस्तारित व्याख्या है। यह यीशु को मारने के प्रयास और उसके बाद के स्वर्गारोहण के बाद शुरू होता है (प्रकाशितवाक्य 12:3-5)। पहला पद्य 1,260 वर्षों के लिए कलीसिया पर हमले का विस्तार करता है, जबकि बाकी पद्य उन घटनाओं पर ध्यान केंद्रित हैं जो तब घटित होती हैं जब "अजगर स्त्री पर क्रोधित हुआ, और उसकी शेष सन्तान से,...लड़ने को गया।" (प्रकाशितवाक्य 12:17)।

बर्बर जनजातियों के आक्रमण के बाद रोमन साम्राज्य विभाजित हो गया। धीरे-धीरे, रोम का शासन कलीसिया के हाथों में छोड़ दिया गया, जिसने इस प्रकार की राजनीतिक शक्ति हासिल कर ली जिसने उसे वफादार कलीसिया को सताने वाली, परमेश्वर की निन्दा करने वाली शक्ति बनने में मदद की (प्रकाशितवाक्य 13:4-8)।

एक घाव भर गया

"जिसको कैद में पड़ना है, वह कैद में पड़ेगा; जो तलवार से मारेगा, अवश्य है कि वह तलवार से मारा जाएगा। पवित्र लोगों का धीरज और विश्वास इसी में है।" (प्रकाशितवाक्य 13:10)

सदियों तक अपनी शक्ति का उपयोग "कैद में डालने" और "तलवार से मारने" (प्रकाशितवाक्य 13:10) के बाद, रोमन कलीसिया को खुद ही कैद में डाल दिया गया (इसके प्रमुख, पायस VI के रूप में) और उसे "घातक घाव" झेलना पड़ा (प्रकाशितवाक्य 13:3)।

हालाँकि पोप ने 1870 तक पोप राज्यों का स्वामित्व बनाए रखा, लेकिन अंततः इटली साम्राज्य बनने के बाद उसने अपना सारा क्षेत्र खो दिया। उस समय, ऐसा लग रहा था कि कलीसिया कभी भी अपनी पूर्व शक्ति हासिल नहीं कर पाएगी।

1929 में वेटिकन शहर को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता दी गई। घाव ठीक होने लगा था। और अब इसके बाद क्या होने वाला है?

जैसे ही अंतिम घटनाएँ सामने आएंगी, वैश्विक संकट के समाधान का प्रस्ताव देने के लिए एक विश्व नेता की तलाश की जाएगी। पोप द्वारा पेश किए गए समाधानों में निस्संदेह परिवारों, लोगों और राष्ट्रों को जोड़े रखने के लिए एक मजबूत बिंदु के रूप में रविवार का विश्राम शामिल होगा।

मेमना और अजगर

"फिर मैं ने एक और पशु को पृथ्वी में से निकलते हुए देखा, उसके मेम्ने के से दो सींग थे, और वह अजगर के समान बोलता था।" (प्रकाशितवाक्य 13:11)



पहला पशु उस कलीसिया के भ्रष्टाचार से उत्पन्न हुआ जिसे यीशु ने स्थापित किया था। जब उसे घाव लगा, तो शैतान ने उसकी जगह लेने और उसे ठीक करने में मदद करने के लिए एक "झूठे भविष्यवक्ता" की तलाश की (प्रकाशितवाक्य 13:11; 16:13)। फिर, उसे अपना सहयोगी एक ऐसे राष्ट्र में मिला जो मसीही धर्म के शुद्ध सिद्धांतों के आधार पर उभरा था: उत्तरी अमरीका।

उसने यीशु (मेमने) का अनुकरण करके शुरुआत की। यह एक गणतांत्रिक राष्ट्र है (राजाओं के बिना, ताज के बिना), और दो शक्तियों (सींगों): नागरिक और धार्मिक के अलग होने पर आधारित है।

पहली विश्व शक्ति के रूप में, उसने अजगर की तरह बोलना शुरू कर दिया है। जल्द ही वह धार्मिक मामलों पर कानून बनाना शुरू कर देगा, जो पोप का समर्थन करते हुए, "पशु की मूर्ति" बनाएगा (प्रकाशितवाक्य 13:12-14)।

“इस पशु की मूर्ति समान शक्तियों वाले एक अन्य धार्मिक संगठन का प्रतिनिधित्व करती है। यह मूर्ति एक मेमने जैसे पशु द्वारा बनाई गई है। यह मेमना जैसा पशु संयुक्त राज्य अमरीका का प्रतीक है, जो शांतिपूर्ण और सौम्य दिखता है। संयुक्त राज्य अमरीका की कलीसियाएं विश्वास के समान हितों पर एकजुट होंगी। फिर एकजुट हुईं ये कलीसियाएं धार्मिक कानूनों को लागू करने और कलीसिया संगठनों का समर्थन करने के लिए सरकार पर प्रभाव डालेंगी। जब ऐसा होगा, प्रोटेस्टेंट अमरीका ने पोप की एक मूर्ति बना ली होगी। तब सच्ची कलीसिया को अतीत में परमेश्वर के लोगों की तरह ही सताया जाएगा।"

ई जी व्हाइट (छुटकारे का इतिहास, पृष्ट 1.116)